हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

11 कड़ियावाला गांव में निकाली शोभा यात्रा



12 सरसों से अंटी नारनौल मंडी, किसान धूप में लाइन लगाने को मजबूर



## खामपुरा गांव में बिजली का करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**नारनौल।** गांव खामपुरा में करंट लगने से करीब 66 वर्षीय महावीर प्रसाद शर्मा नामक एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हालांकि करंट लगने उपरांत उनके परिजन उन्हें उपचार के लिए नारनौल लेकर आए, लेकिन वह बच नहीं सके तथा चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे दीपक शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम को करीब सात बजे वह घर पर थे और मोटर चला रहे थे, लेकिन मपानी नहीं उठाया। वह मोटर को चेक करने लगे। जब मोटर को छूआ तो उसमें करंट आ रहा था और वहीं चिपक गए। करंट लगने पर झुलसी अवस्था में उन्हें नारनौल के एक निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में उन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार सवेरे पुलिस कार्रवाई उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई की है।

# मान्यता से ऊपर की क्लास लगाने व बिना मान्यता वाले स्कूलों पर सख्ती की तैयारी

## डीईओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सोमवार से फील्ड में उतरेंगे अधिकारी, एक दो दिन में तैयार होगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कनीना स्कूल बस हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। अब ऐसे स्कूल जिनके पास मान्यता ही नहीं है या फिर निर्धारित कक्षा तक मान्यता होने के बावजूद ऊपरी कक्षाएं लगाई जा रही है, अब उनकी खैर नहीं। जिला में ऐसे प्राईवेट स्कूलों की अधूरी लिस्ट को एक-दो दिन में पूरा करने के निर्देश दिए गए है। संभावना है कि सोमवार तक लिस्ट पूरी होने के बाद उसी दिन से शिक्षा अधिकारी फिल्ड में उतरेंगे और नियमों की पालना नहीं करने वाले ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई शुरू करेंगे।

डीईओ कार्यालय में वीरवार सुबह 11 बजे जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बैठक ली। इस बैठक में डीईईओ, बीईओ, बीआरसी व अन्य शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। करीब तीन घंटे चली इस बैठक में कई मुद्दों पर बातचीत हुई और शिक्षा विभाग की ओर से जारी सभी नियमों की पालना करवाने के निर्देश दिए गए। डीईओ ने कहा कि प्रत्येक ब्लाक वाइज प्राइमरी, मिडिल, हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूल की लिस्ट तैयार की जाए। जिसमें यह पूरी सूचना हो कि इन-इन स्कूलों के पास मान्यता ही नहीं है या इन-इन स्कूलों ने निर्धारित मान्यता अनुसार कक्षाओं से ऊपर की कक्षाएं नहीं लगाई हुई। यह लिस्ट एक-दो दिन में ही पूरी करें। इसके बाद फिल्ड में उतरकर ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई करना शुरू करें। बैठक में सीएमजीजीए दिवाकर भी पहुंचे और अपने विचार सांझा किए। इस बैठक में डीईईओ संतोष चौहान, डीपीसी सुभाष चंद, बीईओ विश्वेश्वर कनीना, बीईओ अशोक कुमार नारनौल, बीईओ अलका लाम्बा महेंद्रगढ़, बीईओ देवेंद्र कुमार अटेली, बीईओ सुनीता यादव नांगल चौधरी, बीआरसी पवन भारद्वाज नारनौल, बीआरसी मुकेश कुमार अटेली, बीआरसी दिलबाग सिंह कनीना, बीआरसी कंवरसिंह महेंद्रगढ़ व निपुण



हरियाणा मिशन के जिला संयोजक डा. विक्रमसिंह मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूलों ने नियम तोड़े तो नपेंगे बीईओ

सरकारी स्कूलों में जहां भी विद्यार्थियों के आवागमन को लेकर वाहन लगाए हुए है, सभी वाहन नियमों का पालना करें। नियमों के विपरित कोई वाहन चलाया तो वह सीधे तौर पर बीईओ पर विभागीय कार्रवाई करेंगे। ऐसी स्थिति ना हो। सभी बीईओ संबंधित स्कूल मुखियाओं की बैठक लेकर यह दिशा-निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह के अंदर-अंदर अपने शपथ पत्र सहित रिपोर्ट निदेशालय में भेजना सुनिश्चित किया है, उसकी पालना करें। उस पत्र के मुताबिक कहा गया है कि सैकेंडरी शिक्षा पंचकूला के निदेशक के 22 दिसंबर 2023 के अनुसार राज्य के सभी डीईओ व डीईईओ को राज्य में निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना पायलेट के तौर पर राज्य के 22 ब्लाकों में लागू करने के लिए स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। योजना 16 जनवरी 2024 से लागू किया गया है। स्कूलों का निरीक्षण करते हुए स्कूल द्वारा स्कूलों में चलाई जा रही ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, कार, वैन, सूमो, जीप, मैक्सी कैब, वैन, छोटा हाथी, टैम्पो, ट्रैवेलर, बस व मिनी बसों का निरीक्षण कर एक सप्ताह के अंदर-अंदर अपने शपथ पत्र सहित रिपोर्ट निदेशालय में भेजने को कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### 23 को मनेगा गुदड़ी वाले हनुमान जन्मोत्सव

**नारनौल।** पुरानी मंडी में गुदड़ी वाले हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। गुदड़ी धाम मंदिर कमेटी प्रधान दीपक यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव एवं सरूंड वाली माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 अप्रैल की सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। 23 अप्रैल को हवन व भंडारा होगा। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा 26 को

**नारनौल।** कृष्ण नगर कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की पर्यावरण विषय की परीक्षा 26 अप्रैल को साढ़े नौ से साढ़े 12 बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष डा. नरेश कुमार ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को इस परीक्षा में भाग लेना आवश्यक है, जो विद्यार्थी अनुपस्थित रहेंगे, उनकी परीक्षा विश्वविद्यालय में फीस जमा करवाने के बाद अगले वर्ष ही हो पाएगी तथा ऐसे विद्यार्थियों को रि-अपीयर की श्रेणी में माना जाएगा।

### प्रजापति परगना कांटी ब्लॉक की बैठक 21 को

**मंडी अटेली।** प्रजापति सभा परगना कांटी ब्लॉक की बैठक 21 अप्रैल को प्रातः 11 बजे प्रजापति धर्मशाला अटेली मंडी में आयोजित की जाएगी। इस बैठक अध्यक्षता प्रधान रामनिवास करेंगे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा व मुख्य एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

## कनीना में स्कूल बस हादसे का मामला

# पांच दिन के पुलिस रिमांड पर स्कूल चेयरमैन, डायरेक्टर अभी भी फरार

अभी फरार चल रहे स्कूल डायरेक्टर सुभाष की तलाश जारी, गिरफ्तारी के बाद चेयरमैन राजेंद्र को कोर्ट में किया था पेश, स्कूल प्राचार्या और सचिव को अदालत ने बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा था जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना में पिछले वीरवार को उन्हानी के पास हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने जीएल स्कूल के चेयरमेन राजेंद्र सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया था। जिसको वीरवार को कनीना न्यायालय में एसडीजेएम मेनका सिंह में की अदालत में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए उपपुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट से स्कूल चेयरमैन का आठ दिन का पुलिस रिमांड मांगा था। जिस पर कोर्ट ने पांच दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया। इस दौरान आरोपित चेयरमैन से आवश्यक दस्तावेज व अन्य जानकारियां जुटाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि स्कूल के डायरेक्टर सुभाष यादव की अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है, वह फरार चल रहा है। जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीम लगी हुई है। उन्होंने बताया कि उसको भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके अलावा इस मामले में आवश्यक हुआ तो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सिंह को छुपाने के आरोपितों की भी जांच किए जा रही है। इसमें भी कोई आदमी शामिल मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। घटना के आठ दिन बाद स्कूल चेयरमैन कोर्ट में पेश किए गए है। पिछले वीरवार प्रातः घटना घटी थी और एक सप्ताह बाद वीरवार को ही न्यायालय में उनका पेश किया गया।



**कनीना।** जीएल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह को कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस।

### स्कूल में नहीं आ रहे विद्यार्थी

घटना के बाद से स्कूल में विद्यार्थी नहीं आ रहे है। वीरवार को भी स्कूल में एक भी विद्यार्थी नहीं पहुंचा। बस दुर्घटना के आठ दिन बाद भी जीएल पब्लिक स्कूल में एक भी छात्र शिक्षा ग्रहण करने नहीं पहुंचा, जबकि स्कूल प्रशासक जिला नगर योजनाकार महावीर प्रसाद के दिशा निर्देश अनुसार स्कूल में अध्यापक व अन्य स्टॉफ उपस्थित हो रहा है। इसमें मुख्य कारण परिवहन सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है।

## प्ले स्कूलों को करवाना होगा पंजीकरण, 30 तक किया जा सकता है आवेदन

- 30 तक फिटनेस सर्टिफिकेट जमा न करवाने वाले स्कूलों को नहीं मिलेगी मान्यता

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला में प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए अब 30 अप्रैल तक महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि प्राइवेट प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए इच्छुक व्यक्ति 30 अप्रैल तक किसी भी कार्य दिवस को सुबह नौ से सायं पांच बजे तक पुराने लघु सचिवालय में प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हर साल प्ले स्कूल के लिए मान्यता लेनी होती है। उन्होंने बताया कि प्ले स्कूल के लिए आवेदन पत्र, नियम व शर्तें एनसीपीसीआर डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर व कार्यालय के दूरभाष नंबर 01282-252331 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों के संचालक स्कूलों में बच्चों को लाने के लिए जो वाहन लगाए गए हैं, उन वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट 30 अप्रैल तक महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में जमा करवाएं, जो स्कूल संचालक 30 अप्रैल तक अपने स्कूल वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट जमा नहीं करवाता है, उसको वर्ष 2024-25 के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी।

## हादसे में एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

**महेंद्रगढ़।** गांव बारड़ा के समीप सड़क पर खडे.एक ट्रैक्टर को पीछे आई बोलरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया हैं। शिकायत में गांव ढाढोत निवासी मोहित ने बताया कि 17 अप्रैल को वह उसका पिता रायसिंह, ताऊ सुभाष चंद्र, राजेश व सुरेंद्र अपनी बोलोरो गाड़ी में सवार होकर गांव श्याम कलां से अपने गांव ढाढोत आ रहे थे। गाड़ी को सुरेंद्र चल रहा था और उसका पिता राय सिंह आगे बैठा हुआ था। जब हम पर गांव बारड़ा से आगे पहुंचे तो, एक ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर के पीछे हडंबा (थ्रेसर मशीन) लगाई हुई थी। उसने अपने ट्रैक्टर को थ्रेसर मशीन सहित रोड पर खड़ा हुआ था। जिसने कोई रिफ्लेक्टर (संकेत) नहीं लगाया हुआ था। अन्य वाहनों की लाइटें सामने पड़ने के कारण दिखाई नहीं दिया, जिस कारण हमारी बोलेरो गाड़ी ट्रैक्टर के पीछे लगी मशीन से टकरा गई, जिसमें मेरे पिता राय सिंह व ताऊ सुभाष चंद्र को काफी चोटें लगी थी। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी, जिसका रंग हरा था। वह अपने पिता व ताऊ को नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ लेकर आए। चिकित्सकों ने उसके पिता राय सिंह को मृत घोषित कर दिया व ताऊ सुभाष चंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।



## एसपी ने किया लाइब्रेरी का निरीक्षण

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने वीरवार को पुलिस लाइन परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस परिवार के छात्रों एवं छात्राओं के अध्ययन के लिए पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी हरदीप सिंह भी मौजूद रहे। यहां अध्ययन हेतु छात्र-छात्राओं को नवीनतम पाठ्य पुस्तक भी उपलब्ध करवाई गई। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने लाइब्रेरी में किताबें भेंट की। पुलिस लाइन स्थित लाइब्रेरी में बैठकर पुस्तक पढ़ने में मन लगे, इस प्रकार से लाइब्रेरी को तैयार किया हुआ है। इस पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की किताबें रखी हुई हैं। वीरवार को एसपी ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया और पुस्तकालय में किताबें दान की। एसपी ने कहा कि पुलिस लाइन में पुस्तकालय होने से पुलिस कर्मियों के बच्चे व परिवारजन शांतिपूर्ण वातावरण में बैठकर अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। पुस्तकालय में विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित किताबें रखी हुई हैं। साथ ही पुस्तकालय में विभिन्न कानून से संबंधित जानकारी की किताबें भी हैं। जिनको पढ़कर पुलिस कानून संबंधी जानकारी हासिल कर सकते हैं। पुस्तकों के प्रति पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा का लगाव विद्यार्थी जीवन से ही रहा है, वो खुद भी एक लेखक हैं। उन्होंने द वेलवेट हॉटलाइन नामक एक बुक लिखी है, जो पिछले साल दिसंबर में प्रकाशित हुई थी।



## बाबा ढाडेसर मेले में 21 हजार का कुश्ती दंगल संजय ने जीता

- ओपन कबड्डी में सोनीपत अंडर-14 में जींद विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

मिर्जापुर-बाछौद की बणी में बाबा ढाडेसर के वार्षिक मेले में अनेक प्रतियोगिताएं हुई। मेला कमेटी के सदस्य कृष्ण कुमार ने बताया कि मेले में नेशनल स्टाइल कबड्डी, वॉलीबाल शूटिंग एवं कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताएं हुई। मेले में दाल, बाटी व कढ़ी-बाजरे का भंडारा बिरेंद्र पुत्र वेदप्रकाश की तरफ से हुआ। ओपन कबड्डी में प्रथम साईं ए सोनीपत को 51 हजार व द्वितीय अर्जुन स्टेडियम को 41 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अंडर 14 कबड्डी में जींद अर्जुन स्टेडियम प्रथम टीम को 11 हजार व द्वितीय पाथेड़ा को 5100 रुपये पुरस्कार दिया। बाछौद के सरपंच संजय बागड़ी, मिर्जापुर के दिलबाग सिंह, मेला कमेटी प्रधान चंद्रमण शर्मा, मास्टर कालूराम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कोच के रूप में अजय यादव, विक्रम नसीबपुर, विक्रम धन्नौदा कुश्ती कोच शुभजोन सिंह ने अच्छे जोड़े मिलाये। डिप्टी कमांडेंट अमर सिंह कोच व मोर मुकुट ने मेले में विशेष भूमिका निभाई। कॉमेंटेटर सोनू टाकड़ी रहे। कामड़ा कुश्ती 21 हजार रुपये की संजय जैलाफ के नाम रही। 11 हजार की कुश्ती कृष्ण बिलासपुर ने अंकित वाले को हरा कर जीती। 5100 रुपये की कुश्ती प्रदीप ने जैलाफ के विकास को हराया। इस मौके पर शमशेर प्रधान, जेपी पंच, रमेश बाबू, बृजलाल, रविंद्र बणिया, ध्यानचंद बोहरा, विकास मास्टर, रतिराम जांगिड़, अशोक ठेकेदार, वेदप्रकाश, अजीत लेक्चरर, लेक्चरर अनिल कुमार, सुमेर, कालूराम मास्टर, राजकुमार, बिल्लू, रोशन लाल फोरेस्टर व कपिल कुमार उपस्थित रहे।



## दीपक शर्मा ने जीता बलाचया रामनवमी मेले का कुश्ती दंगल

- दौड़ में दिव्या, चंचल और अंतिम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव बलायचा में रामनवमी के पावन अवसर पर मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में लड़कियों तथा वृद्धों के खेल भी कराए गए। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में क्रमशः दिव्या व चंचल प्रथम व द्वितीय रही। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में अंतिम दुधवा ने पहला व मेघा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। युवाओं की 100 मीटर दौड़ में ढाढोत के अमित व दीपांशु प्रथम व द्वितीय रहे। युवाओं की 200 मीटर दौड़ में संजय सतनाली ने पहला व अभिषेक पिलानी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वृद्धों की 100 मीटर दौड़ में राजाराम डेरोली प्रथम व रामनिवास कुराहवटा द्वितीय स्थान पर रहे। लड़कियों की लंबी व ऊंची कूद में अंतिम दूधवा पहले, दिव्या व मेघा बलायचा दूसरे स्थान पर रहीं। युवाओ की लंबी व ऊंची कूद में अभिषेक पिलानी व वेदप्रकाश ढोसी ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। 2100 रुपये की कुश्ती ढाणी तिलोड़ी के मोहित व ढाढोत के संजय ने जीती।

3100 रुपये की कुश्ती रोहतक के पहलवान हरीश व 5100 रुपये की कुश्ती में दीपक शर्मा धारेडू भिवानी ने बाजी मारी। बाबा के धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेककर मन्नत मांगी व भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बाबा ब्रह्मचारी आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष मास्टर राजेंद्र शर्मा, अजेंद्र डीपी, शैलेंद्र डीपी, राजेश कोच,, ढाढोत के सरपंच बिजेंद्र, रमेश, मास्टर पवनकुमार सचिव, जुगल किशोर मौजूद रहे।



## वालीबॉल प्रतियोगिता में करीरा की टीम प्रथम

- पहलवान सोमबीर, अनिल और मोनू ने जीते कुश्ती दंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव सिसोठ स्थित सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मेला के दौरान आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया हैं। वालीबाल प्रतियोगिता में करीरा प्रथम, दुलोठ की टीम दूसरे स्थान पर रहीं। 2100 रुपये की दोनों कुश्ती ढाणी तिलोड़ी के पहलवान सोमबीर और अनिल ने जीती। 1100 रुपये की कुश्ती मोनू चौहान सिसोठ ने जीती। खेल प्रतियोगिता शुभारंभ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजबीर यादव, मंदिर कमेटी प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया, सूरत सिंह चेयरमैन, सरपंच विरेन्द्र कुमार ने किया। खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को मंदिर कमेटी के प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया, उप प्रधान विजय सिंह फोरमैन, सरपंच वीरेंद्र कुमार, महेंद्रगढ़ पंचायत सिमिति के पूर्व चेयरमैन सूरत सिंह, मा. अनिल सिसोठिया, महंत शक्तिनाथ महाराज, संदीप यादव, रणधीर, मुकेश चौहान व रजनीश यादव ने विजेताओं को सम्मानित किया। मैच में सचिन यादव, नरोतम यादव, रोहित फौजी, कर्ण सिंह फौजी, सीताराम जांगड़ा ने मैच रैफरी और स्कोरर की भूमिका निभाई।

मेल में श्रद्धालुओं ने मां भूरा भवानी के दर्शन करे और मां भवानी के चरणों में माथा टेक कर मन्नत मांगी। मेले में व्यवस्था बनाने और खेलों को सुचारू रूप से चलाने में महंत शक्तिनाथ महाराज, पुजारी शिव कुमार, पुजारी रतन लाल शर्मा, पूर्व प्रधान मनपाल, राजसिंह पंच, विजय सिसोठिया, सुबेसिंह, राजू शर्मा, विनोद, मनोहर लाल, बजरंगी, अजय, ललित यादव, लीलू डीपी, दीपक, संजय, विनोद, राधेश्याम, विकेश, आजाद, राकेश, बाबूलाल तथा कमेटी सदस्यों और ग्रामीणों ने अपना विशेष सहयोग दिया।



## वीरवार: दो गांवों के 115 किसान 2173 क्विं. सरसों लेकर मंडी पहुंचे

# सीएम की जनसभा से पहले खरीद धीमी व उठान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नांगल चौधरी अनाज मंडी में 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुनावी जनसभा करेंगे। इसलिए प्रशासन ने खरीद पर अंकुश लगाने के मकसद से गांव वाइज शेड्यूल बनाया है। शेड्यूल के अनुसार वीरवार को नांगल नूनिया व जैनपुर के 115 किसान 2173 क्विंटल सरसों लेकर आए हैं। दूसरी ओर टीनशेड को खाली करवाने के लिए लिफ्टिंग की रफ्तार बढ़ाई गई है।

आपको बता दें कि गौरतलब है कि अच्छा भाव होने के कारण नांगल चौधरी ब्लॉक के 12675 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सरसों बिक्री का पंजीकरण करवाया था। बीते 20 दिनों में विभिन्न गांवों के 7090 किसानों के करीब 3.10 लाख बैग सरसों परचेज कर लिए हैं, लेकिन अब मंडी में मुख्यमंत्री की जनसभा का शेड्यूल जिला प्रशासन को मिला है।

जनसभा के लिए टीनशेड स्थल निर्धारित किया गया है, इसलिए प्रशासन को टीनशेड नीचे लगी सरसों को उठाना तेज कर दिया है। व्यवस्था को लेकर एसडीएम मयंक भारद्वाज व डीएसपी ने मंडी का निरीक्षण किया। इसके बाद सीएचसी में चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। एसएमओ को रैली होने पर पूरे स्टॉफ को अलर्ट मोड़ पर रखने के निर्देश दिए है।

दूसरी ओर मंडी में सरसों की आवक पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने देर रात गांव वाइज शेड्यूल बनाया है। शेड्यूल के अनुसार 18 व 19 अप्रैल को दो-दो गांवों के किसानों को सरसों बेचने के लिए बुलाया गया है। इसके बाद सुरक्षा कारणों से 20 व 21 अप्रैल को खरीद प्रक्रिया को बंद रखने की योजना है। जनसभा के दौरान जनता को परेशानी नहीं रहे इसके लिए टीनशेड को खाली करवाने के साथ फड़ों को भी खाली किया जा रहा है।



**नांगल चौधरी।** मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए टीनशेड़ नीचे सरसों की लिफ्टिंग करती लेबर। फोटो: हरिभूमि।

### सीएम की जनसभा, जल्द होगा टीनशेड

मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि 21 अप्रैल को अनाज मंडी की एक टीनशेड के नीचे मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा होगी। इसलिए टीनशेड के नीचे लगे सरसों के कट्टों का उठान शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि गांव वाइज शेड्यूल से किसानों को टोकन रिलीज करवाने और बिक्री करने में सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि करीब पांच हजार टोकन पेंडिंग हैं, जिनकी सरसों खरीदी जाएगी।



विशेषः विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन

बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।


जंतु जगत
शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

**होती हैं कई प्रजातियां:** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक :** पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।





**कुशल गोताखोरः** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।

**छिपने की कुदरती क्षमताः** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

**खारा पानी पीने में सक्षमः** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड मेंः** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

## बदलते हैं आवरण

बच्चों, जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।





# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व :** किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां :** किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएंः** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबेंः** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्तः** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम,9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

**टीचर :** मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**नैंसी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव

**मम्मी :** दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या :** इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक

**रोहन :** तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन :** (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी
अंजना मनोज गर्ग

विशेषः पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला,'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

रंग भरो-148 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



यशिका, बिलासपुर



सुयश, बिलासपुर



लक्षित, रोहतक



कल्पित, रोहतक



भावन्या, भिलाई

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1.D, 2.C, 3.A, 4.B

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति व स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम कल

**नांगल चौधरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर में 20 अप्रैल को वार्षिक छात्रवृत्ति एवं पुस्तक, स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम प्राचार्य विकास जयदीप की अध्यक्षता में आयोजित होगा। जिसमें कोलकाता के व्यवसायी एवं समाजसेवी अरविंद चौधरी की ओर से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत समिति के चेयरमैन कर्मपाल यादव व सरपंच बिक्रम सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। प्राचार्य ने बताया कि सरकारी संस्थाओं में अधिकतर जरूरतमंद परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। जिनके पास मूलभूत सुविधाओं का आभाव होने के साथ जागरूकता भी नहीं होती। ऐसे बच्चों को छात्रवृत्ति और पाठ्य सामग्री उपलब्ध होने पर उन्हें परिश्रम में निखार लाने की प्रेरणा मिलेगी।

### बाबा भैया मंदिर में मेला व भंडारा आयोजित

**मंडी अटेली।** राम नवमी के अवसर पर अटेली क्षेत्र के गांव गुजरवास में बाबा भैया मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। मेले के दौरान पांच गांव का भंडारा लगाया गया । कार्यक्रम में महाशय रामौतार पुरुषार्थी ने भजन व उपदेश के माध्यम से आध्यात्मिकता का संदेश दिया तथा बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनोहारी झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच वर्ष रानी ने की, जबकि प्रमुख समाजसेवी पुरुषोत्तम गुजरवासिया तथा विनय अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच संचालन ओपी चौहान ने किया।

### घर से सिलाई सीखने गई युवती लापता

**धारूहेड़ा।** घर से सिलाई सीखने के लिए गई करीब 22 वर्षीय युवती लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी 16 अप्रैल को बेटी घर से सिलाई सीखने के लिए निकली थी। इसके बाद वह सिलाई सेंटर पर नहीं पहुंची। शाम तक घर नहीं लौटने पर उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### कंस्ट्रक्शन साइट से बाइक ले गए चोर

**कसोला।** इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-14 से चोर एक कंस्ट्रक्शन साइट से बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रालियावास निवासी योगेश कुमार ने बताया कि वह कंस्ट्रक्शन साइट पर इंजीनियर के रूप में कार्य देख रहा है। वह बाइक लेकर घर से साइट पर गया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद साइट के अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला।

### छात्र के अपहरण का मामला दर्ज

**रेवाड़ी।** कोनसीवास रोड से छठी कक्षा के छात्र के लापता होने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अपहरण का केस दज किया है। पुलिस शिकायत में करीब 12 वर्षीय लड़के के पिता ने बताया कि उसका बेटा 16 अप्रैल को घर से लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। उसे आशंका है कि उसके बेटे को किसी ने छुपाकर रखा हुआ है।

### फसल बेचने में किसानों को हो रही परेशानी

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि प्रदेश सरकार के तमाम दावों के बावजूद अनाज मंडियों में किसानों को अपनी फसलें बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक बयान में विद्रोही ने कहा कि एमएसपी पर किसानों की फसलों को खरीदने के लिए सरकार की ओर से आज तक पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं, जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध घर से लापता

**रेवाड़ी।** उत्तम नगर से करीब 50 वर्षीय व्यक्ति घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में रोहन ने बताया कि उसका पिता संजय कुमार काफी दिनों से दिमागी तौर पर बीमार चल रहा है। वह 8 अप्रैल को दोपहर के समय घर से कहीं चला गया।

---

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा कैंप का आयोजन

# अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहें आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वीरवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता की देखरेख में बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला कॉलेज नांगल चौधरी में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। सीजेएम ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर मेगा कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने अपनी स्टाल लगाकर अपने विभाग से संबंधित सेवाओं का लाभ दिया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। कैंप के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने लोगों से बातचीत की तथा इस कैंप के बारे में लोगों से फीडबैक लिया। उन्होंने सभी विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं ने हेल्पडेस्क लगाया गया। इस पर नागरिकों के अधिकार तथा उनके कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ नागरिक के विशेष अधिकारों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। प्राधिकरण की ओर से चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संबंधित बुकलेट तथा पंपलेट भी वितरित की गई।



नारनौल। रक्तदाताओं को बैज लगाकर मेगा कैंप का शुभारंभ करती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शैलजा गुप्ता तथा मेगा कैंप का जायजा लेती सीजेएम शैलजा गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**कैंप में रक्तदाताओं ने 20 यूनिट किया रक्तदान**

रेडक्रॉस समिति व स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। इस रक्तदान कैंप में स्वेच्छा से 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीपी, शुगर व अन्य जांच की व निःशुल्क दवाइयां वितरित की।

इन विभागों ने स्टाल लगाकर दी योजनाओं के बारे में जानकारी

स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रॉस समिति, जिला शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सरल केंद्र, पंजाब नेशनल बैंक, जिला समाज कल्याण विभाग व जिला कल्याण विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ दिया। इस मौके पर डीडीपीओ एचपी बंसल, महाविद्यालय प्राचार्या डा. अनीता तंवर, प्रोफेसर संतोष यादव, नांगल चौधरी बीडीपीओ नवदीप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से उप अधीक्षक चरण सिंह, यशपाल, पैनल अधिवक्ता गिरीबाला यादव व धर्मेश जोशी, नागरिक अस्पताल से डा. संगीता यादव, काउंसलर पवित्रा, रेडक्रॉस से डा. एसपी सिंह, जिला समाज कल्याण विभाग से गुरजीत सिंह, जिला कल्याण विभाग से सुरेश कुमार, पीएम श्री गर्ल स्कूल से मंजू कुमारी, शिक्षा विभाग से टीसीएस सुरेश व गरिमा, सीमा, महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ कांता कुमारी, सुपरवाइजर सुनीता यादव व सोनू यादव के अलावा आमजन मौजूद रहे।

---


महेंद्रगढ़। अंतर्राष्ट्रीय दो दिवसीय संगोष्ठी में भाग लेते शोद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- दो दिवसीय भौतिक विज्ञान आधारित शोध-पत्रों का साक्षात व ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण सेमिनार हाल में किया गया।

आरपीएस कॉलेज बलाना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भौतिक विज्ञान के तत्वावधान में दो दिवसीय भौतिक विज्ञान आधारित शोध-पत्रों का साक्षात व ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण सेमिनार हाल में शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, प्रो. बलराम पानी डीन ऑफ दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली, विशिष्ट अतिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान व डिग्री कॉलेज डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने की विशेष अतिथि इंजि कॉलेज डीन प्रो. राजेन्द्र यादव रहे। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो. एसके ढ़ाका राजधानी कॉलेज दिल्ली व प्रो. अजीत कुमार महापात्रा फिजिक्स विभाग एस्ट्रोफिजिक्स विश्व विद्यालय दिल्ली रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया यह दो दिवसीय भौतिक विज्ञान आधारित संगोष्ठी मे देश-विदेश से 260 शोधार्थी ऑनलाईन व साक्षात रुप कॉलेज सेमिनार हाल में पहुंचे। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय भौतिक विज्ञान के माध्यम से प्रदूषित वातावरण का शोधन करके वायुमंडल को शुद्ध बनाया है। कॉलेज में 133 शोधपत्रों की प्रस्तुति व वाचन हुआ। सह संयोजक डॉ. जितेंद्र गंगवार ने बताया इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑनलाइन वक्ता प्रो. अजीत कौशिक फ्लोरिडा पॉलटेक्निकल विश्वविद्यालय अपशिष्ट पद्धार्थों की जानकारी दी तथा बताया इनके शोधन से मानव व वनस्पति को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस कार्यक्रम में शोधार्थियों के साथ-साथ कॉलेज विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र, अर्चना साहू, ज्योति यादव, मंजीत कुमार, सचिन सुरा, प्रवीण कुमार का भी सहयोग रहा। कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव व रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने सभी कॉलेज प्रांगण में पहुंचे अतिथियों व शोधार्थियों का स्वागत व धन्यवाद किया।

---

## भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ हुआ श्रीराम कथा का समापन

### कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

करेलिया बाजार में स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला के प्रांगण में चल रही आठ दिवसीय श्री राम कथा के आठवें दिन इलाहाबाद से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक अरविंद महाराज के द्वारा भगवान राम के राज्याभिषेक से कथा को सम्पूर्ण किया गया। मास्टर अमरसिंह सोनी के निर्देशन में राम दरबार की भव्य झांकी बनाई गई। राम के अभिनय में आशीष मेहता, लक्ष्मण अंशुल मेहता, सीता रिया मेहता तथा हनुमान का किरदार नवनीत मेहता ने निभाया। कथावाचक ने सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, कुम्भकर्ण वध, मेघनाद वध, अहिरावण वध तथा रावण वध का वर्णन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा थे, जबकि आयोजक एवं यजमान हरिराम मेहता एवं सीतादेवी सपरिवार थे। उनके पुत्र सुशील मेहता, महेश मेहता, दिनेश मेहता और देवेन्द्र मेहता के द्वारा भी व्यासजी की पूजा करवाई गई। श्रीराम कथा के आयोजकों द्वारा आठ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर आज सभी अतिथिगणों, कलाकारों, सहयोगियों एवं भक्तों का पटका पहनाकर सम्मान किया गया इस मौके पर श्रीराम प्रचार मंडल के प्रधान अरविंद खेतान, संयोजक सुनील गर्ग मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। कलाकारों का सम्मान करते पूर्व शिक्षामंत्री। फोटो : हरिभूमि

---

## यूपीएससी परीक्षा में यदुवंशी एलुमिनी ने पाई सफलता




**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों में दीपांशु पुत्र प्रवीन कुमार (नारनौल) तथा कौशिंद्र पुत्र रामकुमार (रसूलपुर अहिरान) ने यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शानदार इतिहास रचते हुए अपने राज्य व संस्था का नाम रोशन किया है। नारनौल के मोहल्ला चांदुवाड़ा निवासी दीपांशु ऑल इंडिया में 119 वीं रैंक हासिल कर आईपीएस के लिए चयनित हुआ। माता ऊषा गुप्ता सरकारी विद्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत है। दीपांशु ने अपनी 10वीं व 12वीं की परीक्षा यदुवंशी नारनौल से पास की तथा रूड़की से आईआईटी की डिग्री प्राप्त कर इसरो केरल में कार्यरत रहे। रसूलपुर अहिरान निवासी छात्र कौशिन्द्र ने 588 वीं रैंक हासिल कर अपनी सफलता का परचम लहराया। पिता रामकुमार सेवानिवृत अध्यापक हैं, वहीं भाई राकेश व भाभी एसएमएस होस्पिटल में डॉक्टर हैं। कौशिन्द्र ने बारहवीं की परीक्षा यदुवंशी महेन्द्रगढ़ से पास की तदुपरांत एनआईटी कुरूक्षेत्र से बीटेक की परीक्षा पास की। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि विद्यार्थी जब दृढ़ इच्छा शक्ति से जीवनपथ पर आगे बढ़ता है तो उसे सफलता शत्प्रतिशत मिलती है। आज विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता, लक्ष्य निर्धारण तथा अनुशासन को अपने जीवन की धुरि बनाता है तो उसका परिणाम अवर्णनीय होता है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने सभी को बधाई दी।

---

## प्लेसमेंट सेलः स्वास्थ्य क्षेत्र में कैरियर बनाने पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय के शांति भवन में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में स्वास्थ्य क्षेत्र में कैरियर के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ लक्ष्मी नारायण ने की। मंच संचालक डॉ. पविता यादव ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ कृतिका ने अपने विस्तृत व्याख्यान में बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल के विद्यार्थियों के साथ-साथ आर्ट्स और अन्य विद्यार्थी भी अपना कैरियर बना सकते हैं। स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति। दैनिक जीवन के लिए एक संसाधन, जीवन जीने का उद्देश्य नहीं। स्वास्थ्य एक सकारात्मक अवधारणा है जो सामाजिक और व्यक्तिगत संसाधनों के साथ-साथ शारीरिक क्षमताओं पर भी जोर देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी और डाइट प्लान के बारे में विस्तार से बताया। खाने को नियमित समय पर ही खाना चाहिए। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ परमीत कुमारी ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य लोगों को हर दिन काम और गतिविधियों के लिए पर्याप्त ऊर्जा देने में मदद करता है। इसलिए, शरीर के स्वस्थ होने के संकेतों को पहचानना स्वास्थ्य को हमेशा सर्वोत्तम स्थिति में बनाए रखने में मदद करने के लिए एक प्रभावी उपाय है। अंत में प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते कॉलेज के स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

## 25 अप्रैल को महेंद्रगढ़ आएंगे सीएम नायब सिंह सैनीः प्रो. रामबिलास शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आगामी 25 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सब्जी मंडी महेंद्रगढ़ में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी हरियाणा भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने जय राम सदन में महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के युवा मंडल अध्यक्षों की कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर कहीं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव भी मौजूद रहे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने महेंद्रगढ़ मंडल के शहरी अध्यक्ष अशोक कुमार लारा, महेंद्रगढ़ ग्रामीण के उपेंद्र यादव पायगा, रविंद्र तंवर एडवोकेट बसई, सतनाली मंडल के दिनेशसरपंच व नांगल सिरोही मंडल के दीपक खोश्या को बनाया गया। इस मौके पर जिला पार्षद देवेंद्र यादव, सुधीर दीवान, पवन खैरवाल, सतबीर मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। जयराम सदन में युवा मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक लेते पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि

---

## विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक

- पुलिस टीम ने आरपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्राभावों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं को आज वीरवार को पुलिस ने नशे के खिलाफ जागरूक किया और छात्राओं को महिला सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में थाना सदर और दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम ने आरपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्राभावों की जानकारी दी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मबीर ने विद्यार्थियों को बताया कि वह नशा और नशा करने वालों से हमेशा दूरी बनाकर रखें। नशा करने वाले व्यक्ति आपको भ्रामक जानकारी देकर आपको नशे के प्रति प्रेरित कर सकते है। इसलिए इनके पास रहना, साथ रहना आपके लिए उचित नहीं होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान, यातायात जागरूकता, महिला अपराधों की जागरूकता अभियान के बारे में और नशे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। साथ ही नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मीनाक्षी ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एक्ट के तहत यौन अपराधों की विस्तृत परिभाषा के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि बाल यौन शोषण बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, गलत तस्वीर दिखाना तथा अन्य वैसे सभी प्रकार के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें, बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। विद्यार्थियों को बाल यौन शोषण की घटनाओं की शिकायत करने में वे संकोच नहीं करें।


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

---

### जतिन कुमार एफसीआई में अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुके

# आईएएस में चयनित होने पर जतिन को किया सम्मानित

- सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जतीन को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव बलाहा कलां निवासी बनवारीलाल के नाति (दोहिता) राजस्थान खैरथल क्षेत्र के बेहरोज निवासी लक्ष्मीनारायण के 27 वर्षीय पुत्र जतिन कुमार का आईएएस में 364वां रैंक के साथ चयनित होने पर बलाहा कलां में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान व महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने पूरी टीम के साथ जतिन कुमार को फूलमाला व पगड़ी पहनाकर, डा. भीमराव आंबेडकर का चित्र तथा प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं दोहान पच्चीसी से भील सेना के प्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद विनोद यादव भील ने भी अपनी टीम के साथ जतिन कुमार को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। गोठवाल ने बताया कि जतिन कुमार ने प्रथम प्रयास में ही देश में 364वां रैंक हासिल करने की इस प्रकार की उच्च उपलब्धि से समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए। बलाहा कलां के प्रो. सीताराम, समाजसेवी बावू रामोतार यादव, पूर्व मुख्याध्यापक महेंद्र यादव ने कहा कि जतिन कुमार ने 12 की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर राजस्थान सरकार ने पांच लाख का ईनाम भी दिया गया था। जतिन कुमार एफसीआई में अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। इस मौके पर जिला पार्षद अजय कुमार, चेयरमैन पंकज, जतिन के मामा अनंत सिंह, पूर्व हैड मास्टर रामजीलाल रंगा, सरपंच महाबीर, महेंद्र यादव, संघर्ष समिति के सचिव सुमेर गोठवाल, ब्लॉक सचिव हजारीलाल खटावला, रामभरोस भीम, डा. रामोतार, विजय सिरोहीवाल, पंच लीलाराम रेवासिया, शेरसिंह, रामस्वरूप, पवन, चंदन सिंह, कर्ण सिंह, सरपंच हरिओम, पवन कुमार, मोहित बलाहा, विजयपाल जागेदार, हेतराम, कैलाश आदि मौजूद रहे।



नारनौल। सम्मानित करते संघर्ष समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---

## हनुमान मंदिरः कड़ियावाला में श्रद्धालुओं ने निकाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री कड़ियावाला हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वीरवार को शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चामुंडा मंदिर से शुरू हुई तथा कड़ियावाला हनुमान मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें अनेक महिला व पुरुषों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा का शहरवासियों ने जगह-जगह पर स्वागत किया। इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वीरवार सुबह शहर के सबसे प्राचीन मंदिर चामुंडा देवी के प्रांगण से शुरू होकर आजाद चौक, पुल बाजार, महावीर चौक, रेस्ट हाउस, बहादुर सिंह तालाब, नलापुर होती हुई बहरोड़ मार्ग स्थित कड़ियांवाला मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। अंजनी माता की झांकी मुख्य आकर्षण केंद्र रही। जिसको छोटे-छोटे बच्चों ने सजाया था। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में संगरूर का बेग पाइपर बैंड, पटौदी की झांकी, भिवानी की ढोल पार्टी, नारनौल के प्रसिद्ध बैंड रहे। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में विशाल ध्वज व महिलाओं ने कलश लेकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सुबह हवन का आयोजन किया जाएगा।



### मंडी में किसानों की भीड़ बढ़ने से महिलाओं को गेटपास के लिए लाइनों में लगाया जा रहा

# सरसों से अंटी नारनौल की अनाज मंडी, तपती गर्मी में किसान धूप में लाइन लगाने को मजबूर




नारनौल। मंडी में धूप में लाइन में खड़े किसान तथा किसानों से बात करते गाड़ी में बैठे एसडीएम जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मंडी में सरसों की आवक हर दिन नए रिकार्ड बना रही है। 16 अप्रैल को 1183 किसान 21558 तो गुरुवार को शाम छह बजे तक करीब 1350 किसान 25 हजार क्विंटल से अधिक सरसों लेकर मंडी पहुंचे। शाम को भी मंडी गेट पर किसानों की भीड़ होने की वजह से लाइन लगी थी और किसान गेटपास कटवा रहे थे, ताकि नंबर आने पर वह सरकारी समर्थन मूल्य पर अपनी सरसों बेच सकें। आवक बढ़ने से मंडी सरसों से अटी पड़ी है। किसानों को सरसों उतारने को पर्याप्त जगह नहीं मिल रही और ट्रैक्टर-ट्रालियां एवं पिकअप आदि वाहन सरसों से लदे खड़े हैं। किसान सरकारी रेट पर सरसों बेचने की होड़ में सवेरे सात बजे से पहले ही वह मंडी पहुंचने लग जाते हैं। दोपहर को चिलचिलाती धूप में भी घंटों लाइनों में खड़े रहकर गेटपास कटने का इंतजार करते हैं। गुरुवार को प्रातः सीएम रैली के चक्कर में मंडी आए एसडीएम जितेंद्र कुमार से गेटपास बनवाने के लिए धूप में लाइनों में खड़े किसानों ने छाया का प्रबंध करने की गुहार लगाई, लेकिन इसका समाधान नहीं हो सका और किसान तपती धूप में भी खुले आसमान तले खड़े रहे। इस बार 26 मार्च से सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद चालू की गई थी। नारनौल मंडी में पहली बार 29 मार्च को हैफेड ने सरसों खरीद शुरू की थी। 29 मार्च को नारनौल मंडी में करीब 40 गेटपास काटे गए थे और यहां आए किसानों की कुल 754 क्विंटल में से महज 573 क्विंटल सरसों की ही खरीद की गई थी। बाकी को नमी ज्यादा होने एवं नॉमर्स पर खरी नहीं उतरने के चलते रद्द कर दिया गया था। हैफेड ने नौ अप्रैल तक सरसों की खरीद की और इस दौरान 4412 किसानों की 85,839 क्विंटल सरसों खरीद की। जब नैफेड का कोटा पूरा हो गया, तो हैफेड ने खरीद बंद कर दी। इसके बाद 11 अप्रैल से हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन ने रा'य सरकार के लिए सरसों की खरीद शुरू की। जब एचएएसडब्ल्यूसी ने खरीद शुरू की, तब तक मंडी में किसानों का आना जोर पकड़ चुका था। 11 अप्रैल को पहले ही दिन 1245 किसान लगभग 25107 क्विंटल सरसों लेकर मंडी पहुंच गए। रिकार्ड तोड़ सरसों की आवक होने से तब भी मंडी में जगह नहीं बची थी और अगले दिन गेट पास बंद करने पड़े थे। इसके पश्चात 13 अप्रैल 1375 किसान 27108 क्विंटल सरसों लेकर। अगले दिन गेटपास फिर बंद करने पड़े। 15 अप्रैल को 1341 किसान 25726 क्विंटल तो 16 अप्रैल को 1183 किसान 21558 क्विं टल सरसों लेकर मंडी पहुंचे। मंडी में जगह नहीं बचने पर 17 अप्रैल को गेटपास रोकने पड़े। अब 18 अप्रैल को मंडी आए किसानों की संख्या लगभग 1300-1400 है, जो करीब 28-30 हजार क्विंटल सरसों लेकर मंडी पहुंचे हैं। देर शाम को भी किसान मंडी में गेटपास के लिए लाइनों में लगे थे।

### गेटपास के लिए मंडी पहुंच रही महिलाएं

गेटपास के लिए मंडी में दो लाइनें बनवाई जा रही हैं। लाइनों में किसान खचाखच लग रहे हैं और लाइन काफी लंबी होने के कारण किसानों का नंबर आने में काफी समय लग जाता है। देरी की इस बात को भांपकर कई किसान अपने साथ महिलाओं को लाने लगे हैं, ताकि नंबर जल्दी आ जाए। इसी कारण पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी लाइनों में लगी रहती हैं और गेटपास के लिए आतुर रहती हैं।

### एसडीएम ने किसानों से की बातचीत

गुरुवार को एसडीएम जितेंद्र सिंह अनाज मंडी पहुंचे। वह यहां विधायक ओमप्रकाश यादव के साथ साइट देखने आए थे, क्योंकि 23 अप्रैल को सीएम नायब सिंह सैनी यहां रैली करने वाले हैं। उसी रैली की तैयारियों में वह यहां आए हुए थे। जब इससे फ्री होकर मंडी गेट से निकलने लगे तो किसानों की भीड़ देखकर एसडीएम ने उनके पास गाड़ी रोक ली। गाड़ी में एसडीएम को देख तुरंत ही उनके पास पहुंचे और उनसे धूप से बचाव के लिए इंतजाम करने की मांग करने लगी। एसडीएम ने उनकी बात गाड़ी में बैठे-बैठे ही सुनी और किसानों को आश्वासन दिया, लेकिन समाधान नहीं हुआ।

### नारनौल की नई अनाज मंडी में सरसों खरीद के लिए गांवों का शेड्यूल जारी

**नारनौल।** रबी सीजन-2024 की खरीद को सुचारू रूप से चलाने के लिए नई अनाज मंडी में रोस्टर अनुसार खरीद की जाएगी, ताकि मंडी में अव्यवस्था ना हो व किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। यह जानकारी देते हुए एसडीएम एवं सह प्रशासक मार्केट कमेटी डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को अकबरपुर रामू, अब्बदुल्ला नगर, बड़गांव, बदोपुर, बुचकपुर गांव की सरसों खरीद की जाएगी। इसी प्रकार 20 अप्रैल को फैजलीपुर, जादूपुर, कुतबापुर, मकसूसपुर, नांगल शालु, सुराना, तलोट गांवों की सरसों खरीद की जाएगी तथा 21 अप्रैल को रविवार का अवकाश होने के कारण कोई गेट पास जारी नहीं होंगे। इसके बाद 22 अप्रैल को नांगतिहाड़ी, नसीबपुर, निवाजनगर, श्योनाथपुरा, सिलारपुर मेहता, 23 अप्रैल को खत्रीपुर, कोंजिदा, लहरोदाए आजमनगर तथा 24 अप्रैल को बलाहां खुर्द, बड़कोदा, दौचाना व डोहर खुर्द गांवों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंडी में सरसों बेचने के लिए सभी किसान अपने साथ आधार कार्ड लेकर आएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों नहीं खरीदी जाएगी।

### कनीना अनाज मंडी में आज नहीं कटेंगे गेट पास

कनीना अनाज मंडी में खराब मौसम की संभावना के कारण 19 अप्रैल गेटपास जारी नहीं किए जाएंगे। इस दिन पहले ही जारी हो चुके टोकन की फसल खरीदी जाएगी, साथ ही उठान कार्य में तेजी लाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए कनीना मार्केट सचिव नुकूल यादव ने बताया कि ऐसे में किसान 19 अप्रैल को नई अनाज मंडी कनीना में अपनी फसल लेकर ना आएं।

### अटेली मंडी में सरसों खरीद का किया शेड्यूल जारी

सरसों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल व आठ क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जाएगी। अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद गांवों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी। कोई भी किसान बिना रोस्टर के अपनी फसल मंडी में ना लाएं। यह जानकारी देते हुए सचिव व कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी अटेली सुनीता ने बताया कि 19 अप्रैल को सुजापुर, बजाड़, अटेली व बेगपुर गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। इसी प्रकार 20 अप्रैल को सलीमपुर, गोकलपुर व नीरपुर गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

### मौसम के करवट बदलने से किसान चिंतित

**कनीना।** पिछले तीन रोज से क्षेत्र में मौसम लगातार परिवर्तनशील है। वीरवार शाम को भी मौसम ने पलटी खाई और आसमान में गहरी बादलों के साथ तेज हवाएं शुरू हो गई। जिससे गेहूं की कटाई व कढ़ाई कर रहे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं के भीगने पर सूखाने में बड़ी परेशानी होगी। किसानों ने कहा कि पांच-सात दिन मौसम साफ रहता है, तो वह सारा कार्य निपटा लेंगे।

### 105161 क्विं सरसों खरीदी, 40% उठान पेंडिंग, आज खरीद बंद

**महेंद्रगढ़।** अनाजमंडी में वीरवार को 10535 क्विंटल सरसों पहुंची। वहीं 10810 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। अनाजमंडी में अभी 39 प्रतिशत सरसों का उठान पेंडिग हैं। उठान प्रक्रिया के चलते शुक्रवार को महेंद्रगढ़ व सतनाली मंडी में खरीद प्रक्रिया बंद रहेगी। वीरवार तक महेंद्रगढ़ में 105436 क्विंटल सरसों पहुंच चुकी हैं, जिसमें से 100161 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी हैं। जबकि 60196 क्विंटल सरसों का उठान हो चुका हैं। अभी तक 39965 क्विंटल सरसों का उठान पेंडिग हैं। वहीं सतनाली मंडी में 91568 क्विंटल सरसों पहुंच चुकी हैं। जिसमें से 84229 क्विंटल सरसों का उठान हो चुका हैं। वहीं अभी तक 40487 क्विंटल सरसों का उठान हो चुका है तथा 43742 क्विंटल सरसों का उठान बाकी हैं।

**मंडी में व्यवस्था नहीं होने से किसान परेशान:** अनाजमंडी में प्रतिदिन करीब 500 किसान सरसों लेकर पहुंच रहे हैं। वीरवार को बस स्टैंड के वर्कशॉप में खरीद की गई थी। मार्केट कमेटी की ओर से किसानों के लिए कोई व्यवस्था नहीं गई। मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसानों की लाईन स्टेट हाईवे तक पहुंच गई। शहर के मुख्य द्वार वाहनों की लंबी कतार लगी होने के कारण वाहनों चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बस स्टैंड व राव तुलाराम के समीप जाम की स्थिति बनी रहीं। अनाजमंडी किसानों के बैठने की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को दुकानों में बैठकर अपने नंबर का इंतजार करना पड़ा। वहीं पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को अपनी जेब से पैसे खर्च करके पानी पीना पड़ा।



सतनाली मंडी। अनाज मंडी का निरीक्षण करते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने किया सतनाली मंडी का निरीक्षण

**सतनाली मंडी।** एसडीएम संजीव कुमार ने वीरवार को अनाज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से बात की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में फसल बेचने आए किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों को फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मंडी में बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का विशेष ध्यान रखें। अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सकें। गौर रहे कि अनाज मंडी में हरियाणा वेयर हाउस कापारे्रेशन की ओर से फसल खरीदी जा रही है। यहां अभी तक 55756 क्विंटल सरसों की आवक हुई है और 2335 क्विंटल सरसों का उठान हुआ है। अभी तक गेहूं की कुल आवक 22927 क्विंटल हुई है। इस मौके पर नायब तहसीलदार रघुवीर सिंह, नीलामी अभिलेखक अमित सैनी व संदीप यादव के अलावा किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### वेद मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम कल से

**नारनौल।** आर्य समाज वेद मंदिर सिहमा का 20वां दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम 20 व 21 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस बारे में जगदीश पंच ने बताया कि कार्यक्रम में योगेश भारद्वाज, स्वामी समरपनानंद, पंडित रामनिवास आर्य, बहन संगीता आर्य, उषा आर्य वनप्रस्थि, वेद नंदराम रेडियो सिंगर, भजन मंडली आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के विद्वान सामजिक बुराइयों पर प्रकाश डालेंगे।

### हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी ने की बैठक

**रेवाड़ी।** हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी की ओर से वीरवार को डिपो में बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी ने कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ रोष प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 2 महीने डीजल की खराबी के बार बीएस-6 की 40 बसे अभी तक पूर्ण रूप से पटरी पर नहीं आ पाई है। खराब डीजल की वजह से बसों के पार्टस खराब हो गए हैं। इससे बसों में करोडों का नुकसान हुआ है।




सतनाली मंडी। मतदान की शपथ दिलाते एसडीएम संजीव कुमार तथा प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

# मतदान को लेकर प्रश्नोत्तरी आयोजित, एसडीएम ने विजेता किए सम्मानित, शपथ भी दिलवाई

- राजकीय महाविद्यालय सतनाली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य युवा मतदाताओं को मतदान के बारे में जागरूक कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस बार लोकसभा चुनाव में युवा मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें। यह बात एसडीएम संजीव कुमार ने वीरवार को राजकीय महाविद्यालय में चुनाव कार्यालय की ओर से आयोजित स्वीप कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर एक अच्छा प्रतिनिधि चुने। एक अच्छा प्रतिनिधि ही क्षेत्र का सही विकास करवा सकता है।

उन्होंने कहा कि 25 मई को समय निकालकर सभी मतदाता इस महापर्व में अपने मत का प्रयोग कर अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता यह न सोचे कि मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है। कई बार एक वोट से ही हार जीत हो जाती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह बड़े बुजुगारे् व अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मतदान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को एसडीएम संजीव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सतनाली के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार रघुबीर सिंह, कानूनगो रामपाल, एसईपीओ प्रवीन कुमार, लिपिक सतीश कुमार सहित स्टॉफ स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# हकेंवि के विद्यार्थियों ने किया दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का औद्योगिक भ्रमण

- इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़े व्यावहारिक व तकनीकी पक्षों से अवगत कराना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़े व्यावहारिक व तकनीकी पक्षों से अवगत कराना था। इस भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. विकास गर्ग, इंजीनियर सन्नी तंवर, डॉ. अभिषेक जिंदल व डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित रहे। प्रो. विकास गर्ग ने बताया कि दिल्ली मेट्रो विश्व का एक बेहतरीन रेल नेटवर्क सिस्टम है और इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़ी विभिन्न परिचालन व तकनीकी बारीकियों से अवगत कराना था।



महेंद्रगढ़। दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी के औद्योगिक भ्रमण के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़ें इंजीनियर्स व अन्य कर्मचारियों से भी सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने मेट्रो परिचालन में सिग्नल, संचार, सुरक्षा उपयों व पर्यावरणीय प्रयासों को जाना व समझा। प्रो. विकास गर्ग ने बताया कि अवश्य ही यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए उनके क्षेत्र से जुड़ें विभिन्न व्यावहारिक पक्षों को समझने में मददगार साबित होगा। उन्होंने इस प्रयास में सहयोग व मार्गदर्शन हेतु विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व दिल्ली मेट्रो से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

# सतनाली तहसील होने के कारण परेशान मांडोला के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव मांडोला के ग्रामीणों की तहसील सतनाली होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। एसडीएम ने सतनाली तहसील के कर्मचारियों से रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसे गलत रिपोर्ट पेश की गई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर तहसील कार्यालय बदलवाने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा था। ग्रामीण तहसील बदलने की मांग कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. धर्मबीर पायगा, संदीप शास्त्री, सतीश फौजी, लक्ष्मीनारायण नंबरदार, रामभक्त व पाली सरपंच देशराज फौजी इत्यादि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। एसडीएम से मुलाकात करते समाजसेपी बलवान फौजी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एंबुलेंस चालकों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**नारनौल।** सड़क पर चलते समय हमें सतर्क रहना चाहिए। नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन को भी खतरा बन सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अब पहले से सख्त हो गई है। हय बात वीरवार को थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने नागरिक अस्पताल के सरकारी व प्राइवेट एंबुलेंस चालकों को ट्रैफिक के नियमों के बारे में जागरूक करते हुए कही। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें व शराब या किसी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन न करें। एंबुलेंस चालक उचित समय पर ही हॉर्न व सायरन का इस्तेमाल करें और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में अपनी एंबुलेंस को ध्यान पूर्वक चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें। यातायात नियमों की जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि नियमों की जानकारी होने से हादसे से बचा जा सकता है।



नारनौल। एंबुलेंस चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### सभी कागजी कार्रवाई पूरी, जल्द शुरू होगा सफाई का कार्य

# चार नहरों की सफाई से खेतों तक आसानी से पहुंचेगा पानी

- महेंद्रगढ़ कैनाल, नांगल माइनर, भांडोर व कपूरी डिस्ट्रीब्यूटर की करीब 20 लाख रुपये की लागत से होगा सफाई का कार्य
- नहरों की सफाई होने के बाद किसानों को आसानी से खेती के लिए नहरी पानी मिल सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सिंचाई विभाग की ओर से जिले की चार नहरों की करीब 20 लाख रुपये की लागत से सफाई कराई जाएंगी। जवाहरलाल कैनाल नहर में पानी आना बंद होने के बाद सफाई का कार्य शुरू हो सकता हैं। विभाग की ओर से सभी कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। ठेकेदार को वर्कऑडर भी सौंप दिया गया है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष सिंचाई विभाग की ओर से नहरों की सफाई का कार्य कराया जाता है, ताकि अंतिम टेल तक आसानी से पानी पहुंच पहुंच सकें तथा किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। आचार संहिता लगने से पहले विभाग की ओर नहर की सफाई का टेंडर छोड़ा गया था। अब सभी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी हैं। ठेकेदार को वर्कऑडर भी दे दिया हैं। नहर में पानी आना बंद होने के बाद सफाई का कार्य शुरू हो सकता हैं। जिले के काफी गांव खेती के लिए नहरी पानी पर निर्भर हैं। नहरों की सफाई नहीं होने के कारण किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता हैं। इसी के चलते विभाग नहरों की सफाई कराने का निर्णय लिया है। नहरों की सफाई होने के बाद किसानों को आसानी से खेती के लिए नहरी पानी मिल सकेगा।

### इन नहरों की होगी सफाई

सिंचाई विभाग की ओर से महेंद्रगढ़ कैनाल के एमजी चार पंपहाउस से एमजी पांच पंपहाउस की सफाई कराई जाएंगी, जिसमें करीब 1173505 रुपये की लागत आएंगी। नांगल माइनर को 10.4 किलोमीटर की सफाई कराने में 223040 रुपये की लागत आएंगी। इसी प्रकार कपूरी डिस्ट्रीब्यूटरी 5.8 किलोमीटर तक सफाई कराई जाएंगी, जिसमें करीब 175300 रुपये की लागत आएंगी। वहीं भांडोर डिस्ट्रीब्यूटरी में 126000 रुपये की लागत से 5.4 किलोमीटर तक सफाई का कार्य कराया जाएगा।

### जल्द शुरू होगा सफाई का काम

एसडीओ जांगड़ा ने बताया कि विभाग की ओर से चार माइनर की सफाई जाएगी, जिसमें करीब 20 लाख रुपये की लागत आएंगी। सभी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। जल्द ही नहर की सफाई का कार्य शुरू किया जाएगा।